प्रपत्र-4

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार


32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, वेबसाईट : bseapatna@gmail.com


पटना/ दिनांक 04/03/2020

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-03/2019 खंड II ..741... प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 1714 दिनांक 31.10.2019 द्वारा अन्य पैक्सों सहित रोहतास जिलान्तर्गत कोचस प्रखंड के नरवर पैक्स, समस्तीपुर जिलान्तर्गत विद्यापतिनगर प्रखंड के मनियारपुर पैक्स तथा वैशाली जिलान्तर्गत महुआ प्रखंड के फतहपुर पकड़ी एवं सुपौल तरिया पैक्स का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था।

2. उक्त पैक्सों की मतदाता सूची में हुई गड़बड़ी के कारण प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 2197 दिनांक 06.12.2019 द्वारा नरवर पैक्स, अधिसूचना संख्या 2277 दिनांक 10.12.2019 द्वारा फतहपुर पकड़ी पैक्स, अधिसूचना संख्या 2278 दिनांक 10.12.2019 द्वारा सुपौल तरिया पैक्स तथा अधिसूचना संख्या 2307 दिनांक 12.12.2019 द्वारा मनियारपुर पैक्स का निर्वाचन कार्यक्रम स्थगित किया गया था।

3. प्राधिकार के पत्रांक 711 दिनांक 28.02.2020 द्वारा फतहपुर पकड़ी पैक्स, सुपौल तरिया पैक्स एवं मनियारपुर पैक्स तथा पत्रांक 730 दिनांक 02.03.2020 द्वारा नरवर पैक्स की मतदाता सूची में सुधार कर दिनांक 06.03.2020 को पूर्व से विनिर्दिष्ट स्थलों पर प्रकाशित करने का निदेश निर्गत है।

4. मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात् उक्त चारों पैक्सों के स्थगित चुनाव को प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 1714 दिनांक 31.10.2019 के सूचना के प्रकाशन के प्रक्रम से आगे नामांकन की प्रक्रिया से निम्नवत् निर्धारित किया जाता है:-

| क्र० | कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | नामांकन की तिथि | 23.03.2020 (सोमवार) एवं<br>24.03.2020 (मंगलवार) |
| 2. | संवीक्षा की तिथि | 25.03.2020 (बुधवार) |
| 3. | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 27.03.2020 (शुक्रवार) |
| 4. | मतदान की तिथि | 04.04.2020 (शनिवार) |
| 5. | मतगणना की तिथि | 04.04.2020 (मतदान के तुरंत पश्चात्) |
| 6. | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 08.04.2020 (बुधवार) |

5. पूर्व में नामांकन किये सदस्यों को पुन: नामांकन करने की आवश्यकता नहीं होगी। किन्तु मनियारपुर पैक्स के वैसे अभ्यर्थियों को पुन: नामांकन करने की आवश्यकता होगी, जिनके प्रस्तावक अथवा समर्थक का नाम प्राधिकार के आदेश ज्ञापांक 692 दिनांक 26.02.2020 के आलोक में हटाया गया हो। साथ ही उक्त आदेश के आलोक में मतदाता सूची से हटाये गये व्यक्तियों द्वारा यदि पूर्व में नामांकन किया गया हो तो उनका नामांकन भी रद्द समझा जाएगा।

6. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में संबंधित पैक्स के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तहार आदि चिपकाकर किया जायेगा। दिनांक 20.03.2020 को इसका अनुपालन प्रतिवेदन निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को भेजेंगे।

7. मतदान का समय 07 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन पदाधिकारी अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन के पश्चात् निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची एवं मतगणना की तिथि को प्रपत्र- ई॰ 18 में निर्वाचित सदस्यों की सूची फैक्स (0612-2231562) तथा ई-मेल (bseapatna@gmail.com) द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

8. उक्त अधिसूचना की शेष बातें यथावत रहेंगी।

04.3.20

**(रंजना कुमारी)**

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : ...741......  पटना/ दिनांक 04/03/2020

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

04.3.20

**संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक : ...741......  पटना/ दिनांक 04/03/2020

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, तिरहुत, पटना एवं दरभंगा/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), वैशाली, रोहतास एवं समस्तीपुर/ पुलिस अधीक्षक, वैशाली, रोहतास एवं समस्तीपुर/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स0स0), वैशाली, रोहतास एवं समस्तीपुर/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, वैशाली, रोहतास एवं समस्तीपुर/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), कोचस एवं विद्यापतिनगर/ प्रखंड विकास पदाधिकारी, जन्दाहा -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), महुआ/ प्रखंड विकास पदाधिकारी, महुआ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04.3.20

**संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक : ...741......  पटना/ दिनांक 04/03/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04.3.20

**संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक : ...741......  पटना/ दिनांक 04/03/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04.3.20

**संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक : ...741......  पटना/ दिनांक 04/03/2020

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ संयुक्त सचिव/ प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04.3.20

**संयुक्त सचिव।**